# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

**क्रमांकः प.14(158)RSSB/अर्थना/पशु.पा.वि./पशु.सहा./ भर्ती/2024/ दिनांक :**

**–:: <u>प्रेस विज्ञप्ति</u> ::–**

**<u>पशुधन सहायक सीधी भर्ती–2024</u>**

बोर्ड द्वारा पशुपालन विभाग के लिये राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत पशुधन सहायक के कुल 2540 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 2252 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 288) के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 15/2024 दिनांक 11.12.2024 तथा संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 12.02.2025 को जारी कर अभ्यर्थियों से पशुधन सहायक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन फॉर्म दिनांक 31.01.2025 से दिनांक 01.03.2025 तक आमंत्रित किये गये।

इसके उपरांत उक्त भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात संबंधित प्रमाण–पत्र धारित नहीं करने वाले आवेदकों को 07 दिवस तक अपना आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था।

बोर्ड द्वारा पशुधन सहायक के पदों पर परीक्षा दिनांक 13.06.2025 को आयोजित करवाई जा रही है।

बोर्ड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 12.03.2025 के क्रम में **<u>उक्त भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात संबंधित प्रमाण–पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।</u>** ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में दिनांक 12.05.2025 से दिनांक 14.05.2025. तक SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक प्रत्याहरित (Withdraw) करें। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) करने के पश्चात्, प्रत्याहरित (Withdraw) किये गये अभ्यर्थियों के दुबारा ऑनलाईन आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

विज्ञप्ति की शेष शर्ते पूर्व विज्ञापन संख्या 15/2024 दिनांक 11.12.2024 तथा संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 12.02.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी।

**(डॉ.बी.सी.बधाल)**
**सचिव**

**क्रमांकः प.14(158)RSSB/अर्थना/पशु.पा.वि./पशु.सहा./ भर्ती/2024/ दिनांक :**

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, पशुपालन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB जयपुर को प्रेस विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.05.09 22:18:51 IST
Reason: Approved